प्रेस नोट
जनपद अम्बेडकरनगर
दिनांक-25.01.2025

जनपद अम्बेडकरनगर स्वाट/सर्विलांस व थाना को0 टाण्डा संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 28/25 धारा 103(1)/238(1)/61(2) बीएनएस से सम्बन्धित घटना का सफल अनावरण करते हुए प्रकाश में आये अभियुक्त आकाश यादव पुत्र ज्ञान नायक व अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया।

ज्ञात हो कि दिनांक 23.01.2025 को थाना कोतवाली टांडा पर समय 07.30 बजे सूचना प्राप्त हुई की भरहा नहर के पास एक युवक का शव पड़ा हुआ है। प्राप्त सूचना के आधार पर तत्काल कार्यावाही करते हुए पुलिस द्वारा मौके पर जाकर शव को कब्जे में लिया गया। शव की शिनाख्त करने पर शव की पहचान अजय सिंह पुत्र जय प्रसाद उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी ग्राम बलिया जगदीशपुर थाना को0 टांडा जनपद अंबेडकरनगर के रूप में हुई। श्रीमान पुलिस अधीक्षक अंबेडकरनगर श्री केशव कुमार द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए, घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस टीम गठित की गई। जिसके क्रम में स्वाट/सर्विलांस व थाना को0 टाण्डा संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 28/25 धारा 103(1)/238(1)/61(2) बीएनएस से सम्बन्धित घटना का सफल अनावरण करते हुए प्रकाश में आये अभियुक्त आकाश यादव पुत्र ज्ञान नायक व अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण-

पुलिस टीम द्वारा दिनांक 25.01.25 को भरहा की तरफ जाने वाली रोड के किनारे से अभियुक्त आकाश यादव पुत्र ज्ञाननायक व अभियुक्ता प्रतिमा सिंह उर्फ डिम्पल पत्नी स्व0 अजय सिंह नि0ग्राम बलयाजगदीशपुर थाना को0 टाण्डा जनपद अ0नगर को उनके घर ग्राम बलयाजगदीशपुर थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर से थाना स्थानीय पर पंजीकृत **मु0अ0सं0 28/25 धारा 103(1)/238(1)/61(2) बीएनएस** मे प्रकाश मे आये अभियुक्त आकाश यादव पुत्र ज्ञान नायक नि0ग्राम पकड़ीभोजपुर थाना को0टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 25 वर्ष एवं प्रकाश मे आयी अभियुक्ता प्रतिमा सिंह उर्फ डिम्पल पत्नी स्व0 अजयसिंह नि0 ग्राम बलयाजगदीशपुर थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 30 वर्ष को समय 12.10 व 13.16 बजे गिरफ्तार किया गया। जिसमे आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगण उपरोक्त को माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

विवरण पूछताछ-

पूछताछ करने पर अभियुक्त आकाश यादव द्वारा बताया गया कि उसका प्रतिमा सिंह के साथ लगभग 04-05 साल से संबन्ध है। वह उसके परिवार का पूरा खर्चा व देखरेख करता था। प्रतिमा सिंह का पति अजय सिंह दोनों का इधर ऊधर शिकायत करता था तथा विरोध करता था। जिससे दोनों की बदनामी हो रही थी। मृतक आये दिन अपनी पत्नी को टार्चर करता था। दोनो ने योजना बनाया कि इसको रास्ते से ही क्यो न हटा दिया जाये। और दिनांक 22.01.2025 की शाम को लगभग 05.00 बजे मृतक अपने घर से बाजार के लिए आया था औऱ बलया जगदीशपुर नहर के पास से यह बजरहवां बीयर लेने चला गया और उधर से पीकर खाकर लौटा था तो अभियुक्त के गांव से पहले रास्ते मे पैदल ही मिल गया। अच्छा मौका देखकर उससे कहा कि चलो तुमको घर छोड़ आते है और अभियुक्त उसको साथ अभियुक्त लेकर मै उसे पैदल ही पगडंडी मार्गो से गांव के पास स्थित नहर के पास लेकर गया। वह रास्ते मे नशे मे गालिया दे रहा था जिससे अभियुक्त को गुस्सा आ गया औऱ ग़्से मे ही हाथ मे लिए बांस के डंडे से उसके पीछे सर पर मार दिया। जिससे वह नहर की पक्की दीवार पर मुंह के बल गिर गया जब उसको देखा कि मर गया उसने उसे उठाकर उसी नहर मे ढकेल दिया औऱ वहां से चला आया और फोन व मैसेज से अपनी अभियुक्ता को सूचना दिया कि काम हो गया मृतक अजय का जमीनी विवाद विकास शर्मा उर्फ लाल शर्मा से चल रहा था।जिसके विरुद्ध पहले से भी प्रार्थना पत्र दिया जा रहा था। कि इससे मृतक को खतरा है और उसी को इसकी हत्या मे फंसा दिया जायेगा। औऱ जमीन भी मिल जायेगी। घटना मे अभियुक्ता प्रतिमा सिंह उर्फ डिम्पल की भी सहभागिता है।

विवरण गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता-

1. आकाश यादव पुत्र ज्ञान नायक नि0ग्राम पकड़ीभोजपुर थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर उम्र 25 वर्ष।
2. प्रतिमा सिंह उर्फ डिम्पल पत्नी स्व0 अजय सिंह नि0ग्राम बलयाजगदीशपुर थाना को0 टाण्डा जनपद अ0नगर उम्र 30 वर्ष।

विवरण बरामदगी- एक अदद बांस का डंडा (आलाकत्ल)

गिरफ्तारी का दिनांक:-. 25.01.2025 **समय:- 12:10 व 13:16 बजे**

विवरण पंजीकृत अभियोग:-

मु0अ0सं0 28/25 धारा 103(1)/238(1)/61(2) बीएनएस थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर।

विवरण गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक दीपक सिंह रघुवंशी थाना कोतवाली टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर।
2. व0उ0नि0 वेद प्रकाश यादव थाना कोतवाली टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर।
3. उ0नि0 रामाग्रय थाना कोतवाली टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर।
4. हे0का0 फूलचन्द्र थाना कोतवाली टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर।
5. म0का0 शिखा मिश्रा थाना कोतवाली टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर।
6. का0 सर्फराज अली थाना कोतवाली टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर।
7. का0 राजू यादव थाना कोतवाली टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर।
8. म0का0 रुबी सिंह थाना कोतवाली टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर।

स्वाट टीम- उ0नि0 अभिषेक त्रिपाठी (प्रभारी स्वाट टीम),हे0का0 विकास ओझा, हे0का0 अमरेश सिंह

सर्विलांस टीम- उ0नि0 प्रभाकान्त तिवारी (प्रभारी सर्विलांस सेल), हे0का0 उमेश यादव, का0 विपिन राठौर